तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज ओमप्रकाश दांतीवाड़ा बनाम लो.सू.अ.(तहसीलदार लूणी) सू.अ.अ. अपील संख्या 14 / 2021	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.03.21	अपीलार्थी ओमप्रकाश दांतीवाड़ा, पता अखिल भारतीय किसान सभा कार्यालय गांधी टॉवर चौथी मंजिल, गांधी अस्पताल के सामने, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 30.11.2020 में उसके द्वारा (1) पूर्व अतिरिक्त तहसीलदार लूणी/तहसीलदार लूणी द्वारा कृषि भूमि रूपान्तरण/संपरिवर्तन की पत्रावलियां दर्ज की गई उक्त सम्पूर्ण दर्ज रजिस्टरों सन् 1955 से 2006 तक के रजिस्टरों की प्रमाणित छाया प्रतियां, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर प्रथम जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा धारा 6(3) के तहत प्रार्थना पत्र तहसीलदार लूणी को स्थानान्तरित कर दिया गया। तहसीलदार लूणी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि संबंधित सूचना अपीलार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	